मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/03/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 134/2026
16 मार्च 2026
झारखंड विधानसभा, रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र **(National Informatics Centre – NIC)** के महानिदेशक श्री अभिषेक सिंह, उप-महानिदेशक श्री दीपक कुमार एवं वैज्ञानिक-'एफ' श्री ओमेश प्रसाद सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार की गई **"कॉफी टेबल बुक"** का लोकार्पण किया।

इस पुस्तक में झारखंड राज्य में NIC द्वारा संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल पहलों एवं नवाचारों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे।

==========================

#Team PRD(CMO)